दैनिक भास्कर 28/09/2025

# भ्रष्टाचार राष्ट्र की प्रगति में बड़ी बाधा : डॉ. दत्त

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में एनएसएस प्रकोष्ठों द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी संकल्प हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में कॉलेज के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को अपने जीवन का मार्गदर्शन सिद्धांत बनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। आज के युवा ही कल के भारत का भविष्य हैं।



जीएमएन कॉलेज में आयोजित हस्ताक्षर कार्यक्रम में शामिल हुए विद्यार्थी।